दिनांकः 19.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- प्रदेश के कई स्थानों पर बहुत भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित–सबसे ज्यादा 23–23 सेंटीमीटर बरसात नैनवा, मेड़ता और दूनी में दर्ज

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना नदी जल ग्रहण क्षेत्र में बांधों के निर्माण के लिए 95 करोड़ रुपये की राशि मंजूर कीं

- केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवाओं से नशे से दूर रहने और सशक्त तथा संस्कारी बनने की अपील कीं

- राज्य में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस के विशेष अभियानों और जनजागरुकता कार्यक्रमों का व्यापक असरं

..............

राज्य में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश और कुछ स्थानों से बहुत भारी बरसात हुई मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में बूंदी के नैनवा, नागौर के मेड़ता और टोंक के दूनी में सबसे ज्यादा बारिश हुई यहां 23–23 सेंटीमीटर पानी बरसां प्रतापगढ़, धौलपुर, राजसमंद, दौसा और जोधपुर जिलों के कुछ भागों में भी 10–10 सेंटीमीटर से ज्यादा बारिश दर्ज की गईं मूसलाधार बारिश को देखते हुए प्रशासन की ओर से तालाबों, नदियों और बांध के आस–पास के क्षेत्रों में नहीं जाने की अपील की जा रही हैं जोरदार बरसात से कई शहरों में रिहायशी इलाकों और ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों में पानी भर गयां जलभराव की स्थिति को देखते हुए बाडमेर, झालावाड़, कोटा, बूंदी और अजमेर में स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई हैं अजमेर के नसीराबाद, पीसांगन, पुष्कर, किशनगढ़, सरवाड़, अराई और भिनाय में जोरदार बरसात हुई हमारी संवाददाता ने बताया कि जिले के कई बांधों और तालाबों पर चादर चल रही हैं

..............

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर में बरसात से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कियां वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आज दूसरे दिन भी कोटा के रामगंज मंडी के वर्षा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर लोगों को हुए नुकसान का जायजा लियां मौसम विभाग ने आज जोधपुर संभाग और आस–पास के जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं हालांकि राहत की बात ये है कि राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में अब कमी के आसार हैं मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य के पूर्वी हिस्सों में आज से और पश्चिमी भागों में कल से भारी बारिश में कमी का पूर्वानुमान हैं

..............

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना नदी जल ग्रहण क्षेत्र में हो रहे बांधों के निर्माण के लिए 95 करोड़ रुपये मंजूर किये हैं ये राशि राज्य की हिस्सेदारी के रूप में स्वीकृत की गई हैं इससे निर्माण कार्यों को गति

मिलेगी और तय समय सीमा में प्रदेश के शेखावाटी क्षेत्र को पीने और सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सकेगां यमुना जल परियोजना से चूरू, सीकर, झुंझुनूं सहित आस–पास के क्षेत्रों में सालभर पानी आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगीं यमुना नदी के जल ग्रहण क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में तीन प्रमुख बांधों का निर्माण करवाया जा रहा हैं इनमें वर्तमान में लखवार और रेणुका जी बांधों का काम प्रगति पर हैं इन परियोजनाओं की कुल लागत करीब 11 हजार 320 करोड़ रुपये हैं इनमें से राजस्थान की हिस्सेदारी लगभग 215 करोड़ रुपये हैं

..............

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि शिक्षण संस्थानों को विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ–साथ जीवन व्यवहार की शिक्षा भी देनी चाहिएं उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य प्रबंधन के क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता के साथ उनकी गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिएं श्री बागड़े आज जयपुर स्थित एक निजी स्वास्थ्य शोध संस्थान के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों का नेक एक्रीडेशन और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता सरकार की प्राथमिकता हैं

..............

केन्द्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि विकसित भारत का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए तकनीकी आधार तेजी से तैयार किया जा रहा हैं उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल पहली सेमी कंडक्टर चिप तैयार हो जाएगीं देश की पहली बुलेट ट्रेन वर्ष 2027 में चलने की आशा हैं श्री वैष्णव आज हैदराबाद में एक समारोह में बोल रहे थें उन्होंने युवा पेशेवरों से वर्ल्ड क्लास उत्पाद तैयार करने का आह्वान कियां

..............

केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने युवाओं से नशा मुक्त, सशक्त और संस्कारी बनने की अपील की हैं आज वाराणसी में आयोजित **युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन** के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने युवाओं में नशे की बढ़ती लत पर गहरी चिंता जताईं श्री मांडविया ने कहा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए नशे से दूर रहना होगां

..............

केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. विरेन्द्र कुमार ने इस मौके पर कहा कि नशा एक सामाजिक चुनौती बनता जा रहा हैं युवा देश के भविष्य हैं, उन्हें अपनी ताकत को पहचानना चाहिए और इसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिएं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से **विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा** थीम पर दो दिन के इस शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया हैं

..............

राज्य में साइबर क्राइम के खिलाफ चलाये जा रहे पुलिस के विशेष अभियानों और व्यापक जनजागरुकता कार्यक्रमों से इन अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण देखने को मिल रहा हैं साइबर क्राइम पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी से संबंधित धनराशि में उल्लेखनीय कमी आई हैं वहीं रिफंड राशि में बढोतरी दर्ज की गई हैं उन्होंने बताया कि पिछले साल फ्रीज की गई 43 करोड़ रुपये की राशि की तुलना में इस साल ये बढकर 66 करोड रुपये से अधिक हो गई हैं श्री सिंह ने बताया कि 2024 के मुकाबले 2025 के शुरूआती छह महीनों में साइबर अपराधों की कुल धनराशि में 26 करोड रुपये की कमी आई हैं वहीं बैंक खातों में होल्ड और फ्रीज की गई राशि में करीब 23 करोड़ रुपये की बढोतरी हुई हैं उन्होंने आम

लोगों से किसी भी तरह की साइबर धोखाधड़ी होने पर इसकी सूचना हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर देने की अपील कीं

..............

मानव तस्करी पर जयपुर में आयोजित दो दिन के राज्य स्तरीय सम्मेलन का आज समापन हुआं इस दौरान विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जागरुक समाज और समन्वित प्रयासों से मानव तस्करी पर रोक संभव हैं राजस्थान पुलिस मानव तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर पीड़ितों को वापिस घर पहुंचाने का प्रयास कर रही हैं

..............

राजस्थान पुलिस के जांबाज़ खिलाड़ियों ने वर्ल्ड पुलिस एण्ड फायर गेम्स 2025 में 29 पदक अर्जित कर प्रदेश का नाम रोशन किया हैं अमेरिका में हुए इन खेलों में राजस्थान पुलिस के खिलाड़ियों ने 17 स्वर्ण, 5 रजत और 7 कांस्य पादक जीतें

..............

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम **मन की बात** में 27 जुलाई को श्रोताओं से जुड़ेंगें ये इस रेडियो कार्यक्रम की 124वीं कड़ी होगीं श्रोता इसके लिए 25 जुलाई तक सुझाव भेज सकते हैं प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के श्रोताओं से अपने विचार साझा करते हैं समाचार कक्ष से हमारे प्रतिनिधि सुदर्शन नाहर की रिपोर्ट –

..............

संसद का मॉनसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा हैं इससे पहले केन्द्र ने कल सर्वदलीय बैठक बुलाई हैं बैठक के दौरान सरकार संसद के दोनों सदनों में सुगम कामकाज सुनिश्चित करने के लिए सभी राजनीतिक दलों से सहयोग मांगेगीं मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगां इस दौरान कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा और उन्हें पारित कराए जाने की उम्मीद हैं

..............

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगां ऑल इंडिया सर्विस पेंशनर एसोसिएशन और भारतीय स्टेट बैंक की की ओर से होने वाले इस आयोजन में कौस्तुभ एम कुंज के शास्त्री गायन की प्रस्तुति होगीं

..............